कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

सांख्यिकी भूगोल का महत्व बढ़ा है – डॉ. के.एन. प्रसाद

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के तत्वाधान में सांख्यिकी भूगोल पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि भूगोल परिषद के द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला के श्रृंख्ला में सांख्यिकी भूगोल के महत्व पर शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.एन. प्रसाद का व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. प्रसाद ने सांख्यिकी भूगोल के नई जानकारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका महत्व डेटा एकत्र करने तथा विश्लेषण करने में अधिक है। इसके अन्तर्गत भौगोलिक एवं क्षेत्रीय आयाम का अध्ययन एवं अभ्यास किया जाता है। इसमें स्थानिक विश्लेषण की तकनीकों का उपयोग करके भौगोलिक क्षेत्रों को परिभाषित किया जाता है।

इसके अन्तर्गत भौगोलिक क्षेत्रों को सांख्यिकी उद्देश्यों के लिये वहाँ की गतिविधियों का विश्लेषण किया जाता है। जैसे कि भारत सांख्यिकी ब्यूरो, सांख्यिकी भूगोल के प्रायोजनों के लिए मानक भौगोलिक वर्गीकरण का उपयोग करता है। उन्होनें अपने व्याख्यान में सांख्यिकी प्रभाग एवं उपखण्ड तथा स्थानीय क्षेत्र और जनगणना पर भी प्रकाश डाला।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भूगोल विषय में 1950–60 दशक के पश्चात् मात्रात्मक क्रांति का सूत्रपात हुआ जिससे सांख्यिकी का प्रयोग भूगोल में बढ़ने लगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितिन कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता बेर, श्रीमती किरण साहू के साथ ही बड़ी संख्याओं में छात्राएँ उपस्थित थी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)